दैनिक जागरण 19/04/2024

जीएमएन कालेज में विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्तियां



छात्रा को छात्रवृत्ति प्रदान करते जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त । ● विज्ञप्ति

जासं ● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अलग-अलग स्तर पर छात्रवृत्ति प्रदान की। पित्रहीन बच्चों और विद्यार्थियों को सह शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर छात्रवृत्ति वितरित की गई। छात्रवृत्ति से 28 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की संयोजक डा. पिंकी गुप्ता ने विद्यार्थियों को उन्हें उनके भविष्य के लक्ष्यों के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने छात्रों को सुनिश्चित किया कि यदि वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं और कालेज के लिए गौरव हासिल करते हैं। छात्रवृत्ति का लाभ लेने वाले छात्रों के लिए यह एक महत्वपूर्ण मौका है ताकि वह अपने सपनों और पेशेवर लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर हो सकें। इसके अलावा छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्साहित किया जाता है और उनके सपनों को साकार करने के लिए आत्मविश्वास दिया जाता है। इस अवसर पर डा. सुरेंद्र कुंडू, डा. भारती विज, श्याम रहेजा मौजूद रहे।